शीर्ष प्राथमिकतता/समयबद्ध
सं0 2959/79–6/2008

प्रेषक,

वी0एन0 गर्ग
प्रमुख सचिव
उ0प्र0 शासन

सेवा में

जिला अधिकारी,
औरैया, बलरामपुर, मथुरा, मुजफ्फरनगर, इलाहाबाद,
प्रतापगढ़, वाराणसी, चंदौली, बुलंदशहर, सीतापुर, सहारनपुर,
मऊ, जौनपुर, गोरखपुर एवं चित्रकूट।

शिक्षा–(6) अनुभाग दिनांक .11.08

विषय– महिला समाख्या, उ0प्र0 द्वारा मध्यान्ह भोजन योजना का संचालन किया जाना।

महोदय,

राज्य सरकार द्वारा जनपद औरैया, बलरामपुर, मथुरा, मुजफ्फरनगर, इलाहाबाद, प्रतापगढ़, वाराणसी, बुलंदशहर, सीतापुर, सहारनपुर, मऊ, जौनपुर, गोरखपुर एवं चित्रकूट के चिन्हित विकास खण्डों में चिन्हित प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में मिड–डे–मील योजना का संचालन महिला समाख्या के माध्यम से किए जाने का निर्णय लिया गया है, जिसके संबंध में समय–समय पर विभिन्न शासनादेश निर्गत किए गए हैं।

2. उपरोक्त जनपदों के अलावा जनपद चंदौली में भी चिन्हित विकास खण्डों के चिन्हित विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन योजना का कियान्वयन महिला समाख्या उ0प्र0 द्वारा कराने का निर्णय लिया गया है।

3. उपरोक्तानुसार महिला समाख्या उ0प्र0 द्वारा दि0 01.12.08 से मध्यान्ह भोजन योजना को शासनादेशों के अनुरूप कियान्वित करने का निर्णय लिया गया है, अतः इस संबंध में यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि महिला समाख्या की स्थानीय इकाईयों को तत्परता से परिवर्तन लागत मद में समुचित धनराशि उपलब्ध करा दी जाए। साथ ही, प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में बर्तन इत्यादि की उपलब्धता भी सुनिश्चित कर ली जाए, ताकि योजना का कियान्वयन दि0 01.12.08 से सुचारू रूप से किया जा सके।

भवदीय,

(वी0एन0 गर्ग)
प्रमुख सचिव

पृष्ठांकन : समसंख्यक (1) तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निदेशक, मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण उ0प्र0 लखनऊ
2. निदेशक बेसिक शिक्षा , उ0प्र0
3. राज्य परियोजना निदेशक, महिला समाख्या, उ0प्र0
4. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(अतुल कुमार)
विशेष सचिव